National Committee for celebration of 100 years of Cinema

1513. SHRI GOVINDRAM M1R1: Will the Minister of INFORMATION AND BRAODCASTING be pleased to state:

(a) whether his ministry had set up a National Committee for the celebration of centenary of world cinema;

(b) if so, the functions entrusted to this Committee for organising celebration of 100 years of cinema in India in 1996;

(c) whether old classic films produced in Gujarat are also proposed to be included in the centenary exhibition;

(d) if so, the details thereof; and

(e) if not the reasons therefor?

THE MINISTER OF INFORMATION AND BROADCASTING (SHRI CM. IBRAHIM): (a) Yes, Sir. The Committee is for celebration of centenary of cinema in the world in 1995 as well as centenary of cinema in India in 19%.

(b) The Committee will decide the various ways in which the event is to be celebrated in India.

(c) and (d) Yes, Sir. The details in this regard are yet to be finalised in consultation with the Government of Gujarat.

(e) Does not arise.

देश में दूरदर्शन केन्द्र और रेडियो स्टेशन

1514. श्री रामजी लाल: क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) इस समय देश में कितने दूरदर्शन केन्द्र और रेडियो स्टेशन हैं और इस संबंध में राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) इस समय देश में राज्य-वार कितने दूरदर्शन केन्द्र और रेडियो स्टेशन निर्माणाधीन हैं;

(ग) हरियाणा के हिसार जिले में बन रहे दूरदर्शन केन्द्र और रेडियो स्टेशन कब तक बनकर तैयार हो जायेंगे तथा इन केन्द्रों से प्रसारण कब तक शुरू हो जाएगा; और

(घ) इन केन्द्रों के निर्माण में कितना विलंब हुआ और उसके क्या कारण है?

सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री सी॰ एम॰ इब्राहिम): (क) राज्यवार मौजूदा दूरदर्शन केन्द्रों एवं आकाशवाणी केन्द्रों को दर्शाने वाला विवरण I और II संलग्न है । (नीचे देखिए)

(ख) निर्माणाधीन दूरदर्शन केन्द्रों एवं आकाशवाणी केन्द्रों की राज्यवार संख्या को दर्शाने वाला विवरण III और IV संलग्न है (नीचे देखिए)

(ग) हिसार स्थित 6 कि॰वा॰ एफ एम ट्रांसमीटर और बहुउद्देश्यीय स्टूडियो वाले आकाशवाणी केन्द्र के 31 मार्च, 1997 तक तकनीकी रूप से तैयार हो जाने की आशा है। हिसार के लिए एक टी॰वी॰ स्टूडियो एवं एक उच्च शक्ति ट्रांसमीटर का विचार है। इन परियोजनाओं के लिए भूमि अधिगृहित कर ली गयी है

(घ) हिसार में आकाशवाणी केन्द्र की स्थापना में विलम्ब आकाशवाणी को स्थल देर से सौंपने के कारण हुआ था। जहां तक टी॰वी॰ परियोजना का संबंध है, कार्यान्वयन में विलम्ब धनराशि प्राप्त न होने के कारण हुआ है।